प्रेस नोट

दिनांकः– 05 मार्च, 2023

''कनिष्ठ सहायक परीक्षा– 2022 वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा दिनांक 05 मार्च, 2023 (रविवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक राज्य के 13 जनपदों में कुल 412 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उक्त परीक्षा में कुल पंजीकृत 1,45,239 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1,14,052 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इस प्रकार कुल उपस्थिति 78.50% रही।

प्रश्नगत् परीक्षा में सामान्य ज्ञान/सामान्य अध्ययन और सामान्य हिन्दी के एकल प्रश्नपत्र में कुल 100 प्रश्न एवं समयावधि 2 घंटे थी। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त् आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि उक्त प्रश्नपत्र के सभी सीरीज यथा A, B, C, D में प्रश्नों का क्रमांक भिन्न–भिन्न न होकर एक समान था। प्रश्नों के क्रम की जानकारी परीक्षा सकुशल समाप्ति के उपरान्त् प्राप्त हुई है। अतः इस संबंध में आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रश्नपत्रों की सभी सीरीज में प्रश्नों का क्रमांक एक समान होने से परीक्षा की शुचिता किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं हुई है।

संपूर्ण प्रदेश में परीक्षा पूर्णतः शुचितापूर्ण व निर्विघ्न ढंग से प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में संपन्न हुई है। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर आयोग को परीक्षा संबंधी अनियमितता अथवा नकल संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। परीक्षा के उपरान्त् विभिन्न माध्यमों से प्रश्नपत्र की सीरीज को आधार बनाकर प्रसारित हो रही सूचनाएं पूर्णतः भ्रामक, निराधार व असत्य हैं।

(जी0एस0 रावत)

सचिव